# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय

उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ग्वालियर रोड झॉसी (उ0प्र0)।

**Email Add.- eecdupjnjhansi@gmail.com Ph. (O) 0510-2330691**

पत्रांक 2004 / समाचार - पत्र / 63 दिनांक-01-8-.2026

सेवा मे,

**मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)**
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय :- **दैनिक भास्कर ई-समाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक "जल जीवन मिशन कार्य में मुख्य पाइप लाइन फटी: बरूआसागर में हजारों लीटर पानी बर्बाद, कई वार्डो में आपूर्ति ठप" की निस्तारण आख्या प्रेषित करने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर ई-समाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक "जल जीवन मिशन कार्य में मुख्य पाइप लाइन फटी: में बरूआसागर नगर में पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण नगर के कई वार्डे में में जलापूर्ति पूरी तहर ठप हो जाने का वर्णन किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि बरूआसागर नगर में पेयजल आपूर्ति का संचालन एवं अनुरक्षण कार्य कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, झॉसी डिवीजन जल संस्थान, झॉसी द्वारा किया जा रहा है, जिस कारण उक्त क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत कराने हेतु अग्रिम कार्यवाही जल संस्थान, झॉसी द्वारा ही करायी जानी है। इस खण्ड द्वारा उक्त प्रकरण पर कोई कार्यवाही नही जानी है।

अतः आख्या अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

भवदीय

(मुकेश कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 संख्या एवं दिनांक यथोपरि -

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झॉसी।
2. महा प्रबन्धक, जल संस्थान, झॉसी।
3. अपर जिलाधिकारी (न.ग.), झॉसी।
4. अधिशासी अभियन्ता, झॉसी डिवीजन जल संस्थान, झॉसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रकरण को निस्तारित कराते हुये निस्तारण अपने स्तर से सम्बन्धित को प्रेषित करने का कष्ट करें। **(छायाप्रति संलग्न)**

अधिशासी अभियन्ता



Scanned with OKEN Scanner

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us

# जल जीवन मिशन कार्य में मुख्य पाइपलाइन फटी: बरुआसागर में हजारों लीटर पानी बर्बाद, कई वार्डों में आपूर्ति ठप

फिरोज अली | फुलेराबरुआसागर(झांसी सदर), झांसी
6 दिन पहले



बरुआसागर में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्य के दौरान शनिवार शाम जल संस्थान की मुख्य पेयजल पाइपलाइन फट गई। खांदी मोहल्ला की चुंगी के पास हुई इस घटना से हजारों लीटर पानी सड़क पर बह गया और बर्बाद हो गया।

पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण नगर के कई वार्डों में जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

जल संस्थान के अवर अभियंता शिवानंद वास्को ने बताया कि जल जीवन मिशन के कार्य के तहत खुदाई और टेस्टिंग के दौरान यह पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई। उन्होंने पुष्टि की कि इससे संबंधित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति बाधित हुई है।

वास्को ने यह भी बताया कि घटना की जानकारी जल निगम के अवर अभियंता रवि शुक्ला को दे दी गई है। ठेकेदार को भी तत्काल पाइपलाइन की मरम्मत करने के

वीडियो और देखें

आज का राशिफल मेष
मेष | Aries
पॉजिटिव- आज कुछ परेशानियां आ सकती है, लेकिन अपनी योग्यता और मेहनत से



Scanned with OKEN Scanner